


नवभारत 02

इंदौर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025


## एक नजर में

### सिविल अस्पताल आलोट में हुए प्रसव मामले में कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**रतलाम।** विभिन्न मीडिया प्रकाशनों के माध्यम से सिविल अस्पताल आलोट में बरामदे में महिला का प्रसव होने संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वैशाली जैन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय नियमानुसार कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसर ने प्रकरण में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अब्दुल कादिर , नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती नेहा वैध, एएनएम श्रीमती सुनीता सिसोदिया , आशा कार्यकर्ता श्रीमती सरला, तथा जिला प्रबंधक जय अंबे इमरजेंसी सर्विस को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। पत्र के अनुसार तीन दिवस की समय सीमा में उत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है उत्तर प्राप्त होने के उपरांत विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सैलाना क्षेत्र में पांच करोड़ छियानबे लाख अठारह हजार आठ सौ इकसठ रुपए किसानों के खातों में जमा

**रतलाम।** तहसीलदार सैलाना ने बताया कि सैलाना तहसील क्षेत्र में कुल 239 गांव सम्मिलित हैं जिनमें सोयाबीन फसल की राहत राशि प्रदान किया जाना है। इस क्षेत्र में कुल 18,947 किसानों को राहत राशि वितरण की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से कुल 5,993 किसानों को रुपए 5,96,18,861 (पाँच करोड़ छियानवे लाख अठारह हजार आठ सौ इकसठ रुपए) की मुआवजा राशि उनके बैंक खातों में जमा की जा चुकी है। शेष किसानों के प्रकरण भी प्रक्रिया में हैं। खबर में वर्णित किसानों को राहत राशि भुगतान की स्थिति इस प्रकार है- किसान कातिलाल काग, गणेश पाटीदार, मांगीलाल चौधरी, दीनदयाल पाटीदार के बिल ट्रेजरी में प्रस्तुत किए गए है तथा रामगोपाल पाटीदार एवं संतोष पाटीदार को राशि का भुगतान हो चुका है।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान का आयोजन 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक किया जाएगा

**रतलाम।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत में तम्बाकू का उपयोग अत्यधिक बीमारियों और मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष 13.5 लाख मौतें हो रही हैं। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे 2019 के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 3.9 प्रतिशत (4.4 प्रतिशत बालक एवं 3.5 प्रतिशत बालिका) विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग करते हैं। जो कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक प्रमुख कारक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का आयोजन 9 अक्टूबर से 60 दिवस की अवधि के लिए किया जाएगा। अभियान में 2003 और , 2019 को लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाना है। 2003 की धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 5 (तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध), धारा 6 (शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के भीतर बिक्री पर प्रतिबंध और 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों द्वारा बिक्री) और धारा 7 (वैधानिक सचित्र चेतावनी के बिना तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) के साथ-साथ पीईसीए, 2019 की धारा 4 (इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण और विज्ञापन) और धारा 5 (इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का भंडारण) पर आवश्यक कार्यवाही की जानी है। तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के लिए भारत सरकार की संशोधित मार्गदर्शिका 2024 के दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए एक कार्य योजना तैयार कर, जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में भारत सरकार की तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक मार्गदर्शिका का पालन किया जाना है एवं संस्थाओं का प्रमाणीकरण जारी किया जाना है। भारत सरकार द्वारा तम्बाकू मुक्त गाँव बनाये जाने हेतु, दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिले के समस्त शासकीय भवनों / ग्राम पंचायत भवनों को तम्बाकू मुक्त बनाये जाना एवं भारत सरकार की तम्बाकू मुक्त गाँव के संबंध में जारी मार्गदर्शिका का पालन किया जाना है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ शिरीन खान दंत रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय रतलाम ने बताया कि रतलाम जिले में पुलिस विभाग स्कूल शिक्षा विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

### प्रेमलता झालानी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**रतलाम।** स्व. शिवकुमारजी झालानी (पूर्व विधायक) व स्व. चेतनकुमार जी झालानी के अनुज, रतलाम शहर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं प्रदेश एवं शहर की कई सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओ के पूर्व पदाधिकारी इंद्रनारायण झालानी की धर्मपत्नी का 9 अक्टूबर को निधन हुआ। जिसकी श्रद्धांजलि सभा एवं उठवाना 11 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुआ। स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता झालानी एक सधार्मिक महिला थी एवं उनकी इच्छा अनुसार परिवार द्वारा नेत्रदान किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं अनेकों सामाजिक व औद्योगिक संस्थानों ने झालानी परिवार के प्रति सांत्वना रख अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए जिसमें प्रमुख तौर पर कर्नाटक के माननीय राज्यपाल महामहिम थावरचंदजी गेहलोत एवं मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ, संभागीय उद्योग संघ, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स मध्यप्रदेश, अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन रतलाम,फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज ( फिक्की), बुद्धेश्वर आश्रम ट्रस्ट ,गोपाल गौशाला न्यास, बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट, गोपालजी का बड़ा मंदिर न्यास, प्रभु प्रेमी संघ ,समन्वय परिवार ,महारुद्र यज्ञ समिति, सनातन सोशल ग्रुप ,गोपाल मंदिर गौशाला रोड, श्री साईं सेवा समिति, श्री कालिका माता सेवा मंडल, श्री मेहंदी कुई बालाजी न्यास ,श्री कालिका माता सुंदरकांड मंडल एवं अन्य कई धार्मिक, सामाजिक एवं व्यवसायिक संस्थानों द्वारा शोक संवेदना प्रकट की गई।

### बांछड़ा डेरो से 14 लोगों को पकड़कर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**जावरा ।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल और एसडीओ संदीप मालवीय के निर्देशन में ढोढर पुलिस द्वारा परवलिया, ढोढर व मोयाखेड़ा बांछड़ा डेरो में संदिग्धों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि रविवार को परवलिया बाछड़ा डरों में चेकिंग अभियान चलाकर 14 लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद सभी पर बीएनएस की धारा 170 में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर तहसील न्यायालय में पेश किया। वही एक सप्ताह में 47 लोगो को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि उनके द्वारा सभी डरों में अभियान चलाकर एक सप्ताह में 47 लोगों को पकड़कर उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है और आगे भी यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 20 की सुबह तक चतुर्दशी और रात को लक्ष्मी पूजन होगा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** इस बार दीपोत्सव पर्व को लेकर संशया बना हुआ हैं। दस दिवसीय नवरात्र के बाद पांच दिवसीय दीपपर्व भी तिथियों की घट-बढ़ के चलते इस बार छह दिन मनाया जाएगा। विशेष यह भी है कि इस बार 18 व 19 अक्टूबर को दो दिन धनतेरस मनाई जाएगी, जबकि 20 अक्टूबर को सुबह रूपचुर्दशी तथा शाम को चंद्रहस्त योग में दीपपर्व और लक्ष्मीपूजन होगा। गोवर्धन पूजा व भाई दूज मनाने के लिए एक दिन इंतजार करना पड़ेगा।

**6 दिन का होगा दीपोत्सव, 18 -19 को धनतेरस, भाई दूज के लिए 1 दिन बढ़ा**



सनातन संस्कृति में कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से कार्तिक शुक्ल द्वितीया भाई दूज तक पांच दिवसीय दीपोत्सव मनाया जाता है। आमतौर पर पांच दिन त्रयोदशी, रूपच्चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धनपूजा तथा भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है। लेकिन इस बार तिथि की घट बढ़ के कारण त्योहारों का क्रम आगे पीछे हो गया है।

**इन तारीख को मनेंगे ये पर्व**

18 अक्टूबर धनतेरस, 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, 20 अक्टूबर महालक्ष्मी पूजन एवं दीपावली, 22 अक्टूबर गोवर्धन पूजन, 23 अक्टूबर भाई दूज मनाया जाएगा।

**20 को दीपावली मनाना शुभः** ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पंचांग की गणना तथा मुहूर्त ग्रंथों की मान्यता के अनुसार 18 अक्टूबर को धनतेरस तथा 20 अक्टूबर को प्रदोषकाल में दीपावली मनाना बेहद शुभ है। 18 अक्टूबर को सुबह से रात तक सोना, चांदी, बर्तन, वाहन, बही खाते आदि की खरीदी की जा सकती है। शाम को धन के देवता कुबेर का पूजन करें। 20 अक्टूबर को शाम को प्रदोष काल में माता लक्ष्मी व कुबेर की पूजा करने का सर्वश्रेष्ठ समय हैं।

**विप्रबंधुबओं की बैठक में निर्णय : 20 अक्टूबर को होगा महालक्ष्मी पूजन**

कुछ पंचांगों में 20 अक्टूबर तो कुछ में 21 अक्टूबर को महालक्ष्मी पूजन व दीपावली मनाने का उल्लेख था। इस विषय पर एक वृहद विद्वत बैठक महांकाल मंदिर के सामने मानसधाम, शक्ति नगर में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के आचार्यगण, पंचांग निर्माणकर्ता, पुजारी संघ, सनातन धर्म सभा, सर्वब्राह्मण महासभा और मंदिरों में सेवारत ब्राह्मणबंधु उपस्थित हुए। ज्योतिषाचार्य शिवशंकर दवे ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाजजन के असमंजस से मुक्त रहकर शास्त्रसम्मत व सर्वमान्य तिथि पर एकरूपता के साथ दीपोत्सव मना सकें यह था। बैठक में निर्णय हुआ कि 20 अक्टूबर सोमवार अपराह्न 3:45 बजे चतुर्दशी समाप्त होकर अमावस्या तिथि प्रारंभ होगी। अमावस्या तिथि 21 अक्टूबर, मंगलवार को सायं 5:04 बजे तक रहेगी। इस दिन सूर्यास्त और तिथि समाप्ति एकसाथ (5:54 बजे) होने से सूर्यास्त के बाद अमावस्या का अंश मात्र भी शेष नहीं रहेगा। इस दौरान बैठक में वैदिक जागृति पीठ के महर्षि संजयशिवशंकर दवे, पं. चेतन शर्मा, पं. जितेंद्र नागर, पं. जीवन पाठक, अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के जिला अध्यक्ष पं. मुकेश शर्मा, पं. जितेंद्र व्यास, पं. नरेश शर्मा, पं. ज्ञानेंद्र भारद्वाज, पं. आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## भजन प्रतियोगिता में रूपाली जैन और रौनक मिंडा रहे प्रथम

**रतलाम।** शरद पूर्णिमा पर्व के अंतर्गत कस्तूरबा नगर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार शाम नवकार की महिमा विषय पर भजन प्रतियोगिता एवं मनोरंजन गेम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आदिनाथ महिला मंडल द्वारा निर्णायक श्रीमती ज्योति चौधरी के सानिध्य में संपन्न हुआ। भजन प्रतियोगिता में महिला वर्ग से प्रथम पुरस्कार श्रीमती रूपाली जैन को तथा द्वितीय पुरस्कार श्रीमती दिव्या जैन को प्राप्त हुआ। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्री रौनक मिंडा को तथा द्वितीय पुरस्कार श्री रवि जैन को मिला। मनोरंजन गेम में श्रीमती रेणु जैन विजेता रहीं।



## रेत के अवैध उत्खनन परिवहन के संबंध में कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में एसडीएम सैलाना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा खनिज विभाग के साथ संयुक्त रूप से राजपुरा माता जी माही नदी पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन परिवहन के संबध मे कार्यवाही की गई। मौके पर जांच के दौरान 2 ट्रेक्टर ट्रॉली खनिज रेत से भरे हुए माही नदी पुल के पास से जप्त किए गए। जप्त 2 ट्रैक्टर ट्रॉली खनिज रेत पुलिस थाना शिवगढ़ की अभिरक्षा में रखे गये।

## बाजना में खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण,एक्सपायरी सामान जब्त





**रतलाम।** जिले के बाजना में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया के नेतृत्व में दल ने गढ़ी गमना मार्ग स्थित पिरोदिया किराना स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान से एक्सपायरी लाल मिर्च पाउडर लगभग 5 किलो, सोनपरी भागर 5 किलो, मालवा किंग ऑयल के 4 पैकेट तथा नोवा मिल्क पाउडर के 250 ग्राम के 10 डिब्बे जब्त किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकान संचालक को नोटिस जारी किया, साथ ही घी और सौंफ के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। इसके अतिरिक्त, रतलाम रोड स्थित भवानी नाश्ता पॉइंट से बेसन का नमूना लिया गया, जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।



## अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. निनामा को गोल्ड मेडल मिला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** राज्य स्तरीय इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की 43वि कॉन्फ्रेंस एम पी आइकॉन का आयोजन जबलपुर में किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान देश के विभिन्न अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा सहभागिता की। कॉन्फ्रेंस में रतलाम जिले के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत निनामा ने पेपर प्रेजेंटेशन के लिए प्रतीकात्मक रूप से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। डॉ भरत निनामा ने क्लबफूट क्लिनिक रतलाम जो की पिछले 6 सालों से नि:शुल्क संचालित कर रहें है। उसी पर आधारित पेपर प्रेजेंट डॉ निनामा ने किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर सहित सभी चिकित्सकों और स्टाफ ने शुभकामनाएं दी है।

## एक शाम संजीदा किशोर दा के नाम से महका गुलाब चक्कर

**रतलाम।** सदी के महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर गुलाब चक्कर स्थित 'एक शाम संजीदा किशोर दा के नाम' संगीत संध्या का

**सुर रागिनी द्वारा सुमधुर गीतों की स्वरांजली**

आयोजन सुर रागिनी म्यूजिकल ग्रुप रतलाम के मुख्य सूत्रधार पंडित भुवनेश पंडित, विजय पाठक के प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में शहर के किशोर दा को आत्मसात करने वाले गायकों ने किशोर दा द्वारा गाए सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां देंकर स्वरांजली अर्पित की गई। माँ



सरस्वती व किशोर कुमार की तस्वीर पर पुष्पमाला व दीप प्रज्ज्वलन के साथ समस्त गायकों की उपस्थित में श्रोताओं ने भावविभोर पुष्प समर्पित कर स्वरांजली में मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री प्रहलाद पटेल, नेता प्रवीण सोनी, विशेष अतिथि मनोहर पोरवाल, आनंद त्रिलोक चंदानी, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नरेंद्र जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश व्यास, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, अन्य गणमान्य नागरिक आयोजन को सफल बनाने में प्रांरभ से समापन तक शामिल रहें। एकल व सामूहिक 32 गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों में डॉ. महेश मोर्य, जलज शर्मा, विजय पाठक, भुवनेश पंडित, आनंद त्रिलोक चंदानी, नयन सुबेदार, सुनिल निरंजने, विशाल कुमार वर्मा, विवेक शर्मा, दिलजीत सिंह, सूरज बरवाल, राकेश बोरीया, शैलेंद्र तिवारी, विजय मालवीय, पियूष नेने, गीता बोरासी, सुनीता नागदे, ऋतु भट्ट सहित समाजसेवी विशिष्टजनों को सम्मानित करते हुए श्रोताओं की उपस्थिति में किशोर दा को स्वरांजलि दी। संचालन सुनील निरंजनी व आभार प्रदर्शन भुवनेश पंडित, विशाल कुमार वर्मा ने किया।

## दीप मिलन समारोह को लेकर मंत्री काश्यप ने ली बैठक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दीपावली पर प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर दीप मिलन समारोह आयोजित होगा। इसकी तैयारियों को लेकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने सभी मंडल पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की।

इसमें दीपोत्सव पर अलग-अलग आयोजित होने वाले दीप मिलन समारोह में युवा चेतना, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित विभिन्न सामाजिक संगठन भी उपस्थित होंगे। उक्त



आयोजन की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित नंदकिशोर पंवार, महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्र गुर्जर, विवेक शर्मा, आकाश खड़के, भावना गुर्जर, निखिल बोरीवाल, आयुषी सांखला, भूपेंद्र कावड़िया, शुभम चौहान, संदीप मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के संभागीय महासचिव बने नरेंद्र अग्रवाल

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही मध्य प्रदेश प्रेस क्लब की टीम का विस्तार किया गया। उज्जैन संभाग के लिए संभागीय महासचिव पद की जिम्मेदारी रतलाम के नरेन्द्र अग्रवाल को सौंपी गई। मध्यप्रदेश प्रेस क्लब प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी की संगठन विस्तार के अनुरूप मध्य प्रदेश प्रेस क्लब उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह बेस ने रतलाम शहर के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र अग्रवाल को उज्जैन संभाग प्रेस क्लब का प्रमुख महासचिव मनोनीत किया। श्री अग्रवाल ढाई दशक से पत्रकार हैं। वे क्लब से पूर्ण कालिक व सभी पत्रकारों को जोड़कर उनकी समस्याओं में उन्हें सहयोग कर सरकार से मिलने वाले लाभ दिलाएंगे।

## पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर, गुंडे बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध की प्रभावी कार्रवाई

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार की अगुवाई में सभी अनुभागों में सीएसपी/एसडीओपी के नेतृत्व में 11-12 अक्टूबर को रात से सुबह तक जिले के कांबिंग गश्त करवाई गई। सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। संबंधित सीएसपी/ एसडीओपी द्वारा अपने अनुभाग के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-32 स्थाई वारंटियों, 51-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए।

## अष्टापद जैन तीर्थ से छरि पालीत संघ 7 दिसंबर को निकलेगा



**जावरा।** जावरा सूरत नगर में चातुर्मास हेतु विराजित खरतरगच्छाचार्य श्री जिनपीयूष सागर सुरीजी महाराज साहब 25 उपवास के साथ 25 दिनों से मौन सूरीमंत्र की साधना कर रहे।

जिसकी पूर्णाहुति आज सूरत में हुई मुख्य संघपती भूपेन्द्र व महेन्द्र चिप्पड अष्टापद ट्रस्ट के अध्यक्ष जयंतीलाल दख, सचिव रविंद्रसिह श्रीमाल, कोषाध्यक्ष मनीष कोचर, सहसचिव नितेश बांठीया ,महेंद्र चोपड़ा, आशीष डागा, महेन्द्र डागा, दिनेश काकरीया, आयुष चीपड एवं ट्रस्ट के सदस्य सूरत पहुंच कर विनती करी।

आचार्य भगवन ने अष्टापद से शत्रुजंय के पैदल संघ की घोषणा की 7 दिसंबर को यह संघ अष्टापद से प्रारंभ होगा और 40 दिन में शत्रुजंय तिर्थ पहुंच कर 16 जनवरी 25 को माल का कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। उक्त जानकारी मनीष कोचर ने दी।



## अमृतरसा श्रीजी ने चोपड़ा के निवास पहुंचकर दिया आशीर्वाद

**जावरा ।** प्रातः स्मरणीय गुरुदेव श्री राजेंद्रसुरी महाराज की क्रियोद्धार स्थलीय जावरा नगर में पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी महाराज के पट्टधर वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य नित्यसेन सूरीश्वरजी मसा व आचार्य जयरत्न सूरिश्वरजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी मसा, निरागरसा श्रीजी, जीनागरसा श्रीजी मसा आदि ठाणा 3 का चातुर्मास पूर्णतया की ओर है। आपके सानिध्य में चातुर्मास के दौरान 200 से अधिक सिद्धि एवं ओलीजी तप की तपस्या इस बार रिकॉर्ड तोड़ संपन्न हुई। रविवार को साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी महाराज साहब अशोक चोपड़ा के निवास पहुंचे। चोपड़ा परिवार द्वारा साध्वीजी को गवली की गई । आपने मांगलिक सुनाकर परिवारजनों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर अर्चना चोपड़ा, नियूश चोपड़ा , अक्षिता चोपड़ा, कैलाशचंद भंडारी, सलोनी चोपड़ा, निशु चोपड़ा के साथ ही समाजसेवी सुरेश पगारिया, विजय दसेड़ा, अशोक कटारिया, पूनम पगारिया आदी मौजूद थे।

## मुख्यालय ऑफिस से लौट रहे दो पत्रकार सड़क हादसे में गंभीर घायल





**जावरा।** जावरा के दैनिक समाचार के ब्यूरोचीफ कन्हैयालाल सोनावा और सिटी रिपोर्टर अंकित शर्मा शनिवार दोपहर मे जावरा-नीमच हाईवे पर सड़क हादसे का शिकार हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों पत्रकार रतलाम ऑफिस से लोट रहे थे, बटालियन के समीप फोरलेन पर डिवाइडर से टकरा गए। सोनावा के पैर के घुटने में गंभीर चोट आई । घुटने का कुछ हिस्सा बिखर गया। वही अंकित की उंगली में भी गंभीर चोट के साथ चेहरा और सर पर भी चोटे आई। दोनों का रतलाम में इलाज चल रहा है। दोनों का आज कल में ऑपरेशन होगा। इधर हादसे के बाद दोनों को गंभीर अवस्था में जावरा अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रतलाम रेफर किया गया। मौके पर डायल 112 और 108 एंबुलेंस सेवा ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को समय रहते सिविल अस्पताल पहुँचाया। वहां से रतलाम रेफर किया गया।

**सोनावा के घुटने में आई गंभीर चोट तो अंकित की उंगली, चेहरा और सर में आई चोटे**